न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पीलीभीत।
आदेश संख्या– /2024

दिनांक : 02 सितम्बर, 2024

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेशानुसार न्यायिक अधिकारीगण/मजिस्ट्रेट्स, श्री दुष्यन्त कुमार शर्मा का स्थानान्तरण बाह्य न्यायालय, बीसलपुर एवं श्रीमती शेफाली का स्थानान्तरण गैर जनपद हो जाने के कारण दो न्यायालय अपर सिविल जज–जू0डि0, कोर्ट नं. 4 एवं सिविल जज–जू0डि0/एफ0टी0, पीलीभीत रिक्त हो गये हैं। अतः माननीय जनपद न्यायाधीश, पीलीभीत से विचार विमर्श के उपरान्त निम्नलिखित थानों से सम्बंधित वादों के क्षेत्राधिकार के सम्बंध में निम्नलिखित आदेश पारित किया जाता है :–

1– थाना न्यूरिया से सम्बंधित समस्त पुलिस चालानी एवं परिवाद वादों का क्षेत्राधिकार न्यायालय सिविल जज–जू0डि0/एफ0टी0सी0, पीलीभीत से वापस लेकर, न्यायालय सिविल जज–सी0डि0/एफ0टी0सी0/ए0सी0जे0एम0, पीलीभीत को प्रदान किया जाता है।

2– थाना हजारा, थाना जी0आर0पी0, थाना घुंघचिहाई एवं महिला थाना से सम्बंधित समस्त पुलिस चालानी एवं परिवाद वादों का क्षेत्राधिकार न्यायालय सिविल जज–जू0डि0/एफ0टी0सी0, पीलीभीत से वापस लेकर, न्यायालय सिविल जज–जू0डि0/जे0एम0, पीलीभीत को प्रदान किया जाता है।

3– अधोहस्ताक्षरी द्वारा समय–समय पारित आदेशों के द्वारा न्यायालय सिविल जज–जू0डि0/एफ0टी0सी0, पीलीभीत में अन्य थानों से सम्बंधित स्थानान्तरित किये गये समस्त लम्बित पुलिस चालानी वाद व परिवाद वाद, उपरोक्त न्यायालय से वापस लेकर, न्यायालय सिविल जज–जू0डि0/जे0एम0, पीलीभीत में विधिनुसार सुनवाई एवं निस्तारण हेतु स्थानान्तरित किये जाते हैं।

सम्बंधित न्यायालयों के लिपिकगण को निर्देशित किया जाता है कि वे उपरोक्त थाना क्षेत्रों से सम्बंधित समस्त पत्रावलियां, उपरोक्त क्षेत्राधिकार वाले न्यायालयों में भेजना सुनिश्चित करें।

क्षेत्राधिकार से सम्बंधित उपरोक्त आदेश माननीय जनपद न्यायाधीश, पीलीभीत को अनुमोदन के उपरान्त तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

Seen
[signature]

(पूजा गुप्ता)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
पीलीभीत।
02.09.2024

<u>**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**</u>

1–माननीय जिला न्यायाधीश, पीलीभीत।
2–जिलाधिकारी, पीलीभीत।
3–पुलिस अधीक्षक, पीलीभीत।
4–कार्यालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पीलीभीत।
5–सिविल जज–सी0डि0/एफ0टी0सी0/ए0सी0जे0एम0, पीलीभीत।
6–सिविल जज–जू0डि0/जे0एम0, पीलीभीत।
7–सिविल जज–जू0डि0/एफ0टी0सी0, पीलीभीत।

– 2 पर

8–अधीक्षक, जिला कारागार, पीलीभीत।
9–संयुक्त निदेशक, अभियोजन, पीलीभीत।
10–कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, पीलीभीत।
11–अध्यक्ष/सचिव, संयुक्त बार एसोसिएशन, पीलीभीत।
12–अध्यक्ष/सचिव, सिविल बार एसोसिएशन, पीलीभीत।
13–अध्यक्ष/सचिव, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन, पीलीभीत।
14–अध्यक्ष/सचिव, बार एसोसियेशन, बीसलपुर, जिला पीलीभीत।
15–अध्यक्ष/सचिव, बार एसोसियेशन, पूरनपुर, जिला पीलीभीत।
16–सम्बंधित गार्ड फाइल।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
पीलीभीत।
02.09.2024